योजनाओं के कार्यान्वयन, मानकों के अनुपालन को लेकर डीएम ने की बैठक

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में मुजफ्फरपुर शहरी क्षेत्र एवं इसके आसपास विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन, निर्माण कार्य में सभी संबंधित विभागों द्वारा मानकों के अनुपालन एवं सुदृढ़ समन्वय हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें नगर आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं पश्चिमी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीगण, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय ऑपरेशन मैनेजर आइओसीएल, वरिष्ठ प्रबंधक शहरी गैस वितरण इकाई, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, एलएइओ, परियोजना निदेशक एनएचएआइ, परियोजना निदेशक बुडको, उप महाप्रबंधक बियाडा, जिला योजना पदाधिकारी सहित विभिन्न तकनीकी एवं सिविल विभागों के अभियंता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि पाइपलाइन परिसर में तीसरे पक्ष निर्माण एजेंसी की गतिविधियों की अनुमति के लिए आइओसीएल के एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन अनिवार्य है। उन्होंने पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में बिना एसओपी का पालन किए हुए पीएनजी परिसर में किसी भी अन्य विभाग द्वारा सड़क की खुदाई का कार्य नहीं किया जाए।



आइओसीएल के अधिकारी की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण अनिवार्यत: सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने आइओसीएल के वरिष्ठ प्रबंधक को पीएनजी के आच्छादन के संबंध में ले-आउट प्लान एवं पाइपलाइन परिसर में तीसरे पक्ष की गतिविधियों की अनुमति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के साथ साझा करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू करने से पहले, कार्य के दौरान एवं कार्य पूर्ण होने पर निर्धारित एसओपी का सभी स्टेकहोल्डर्स अनिवार्यत: अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि सड़क की खुदाई के समय पीएनजी साइट्स पर आइओसीएल का इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल/आकस्मिक टीम अवश्य रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पाइप्ड नेचुरल गैस आच्छादन क्षेत्र/ परिसर में सड़कों पर कार्यों के संचालन हेतु एक समन्वय समिति गठित की गई है।

इस समिति में आईओसीएल, नगर निगम, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, बुडको, टेलीकॉम, विद्युत सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। समन्वय समिति की स्वीकृति के बिना पीएनजी आच्छादन क्षेत्रों में सड़कों पर किसी भी निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि पीएनजी परिसर में किसी भी अन्य विभाग द्वारा सड़क की खुदाई का कार्य संबंधित विभाग के कनीय अभियंता के स्थल पर उपस्थिति तथा आइओसीएल के अधिकारी के पर्यवेक्षण में ही किया जाएगा।

गोबरसही ब्लास्ट के बाद दहशत में गुजर रही रातें

कई परिवार अभी भी घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां ले रहे शरण

- मनोज -

मुजफ्फरपुर । गुजरे सोमवार की दोपहर में गोबरसही लदौरा रोड के साहू चौक पर पीएनजी गैस पाइप लाइन में हुए भीषण विस्फोट का खौफ अब भी लोगों लोगों के दिलों में समाया है। बुधवार को फिर से घटनास्थल पर गैस रिसाव की चर्चा ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। डर के मारे हुए घर से निकल आए। पता चला प्रशासनिक स्तर पर ट्रायल लिया जा रहा था फिर किसी तरह खुद को समझा कर वह घर तो लौटे लेकिन तबाही का मंजर उन्हें भयभीत बनाए रखा।

भीषण हादसे को लोग भूलना तो चाह रहे लेकिन खुली आंखों के सामने तबाही का मंजर बार-बार घूम रहा, जो उन्हें हादसे को भूलने नहीं दे रहा। हो भी क्यों न। जिनकी आंखों के सामने मकानों की दीवारें दरक गईं, कहीं छत टूटकर नीचे आ गिरी तो कहीं चार मंजिला इमारत की नींव तक हिल गई। सड़क पर आग की लपटें और चारों तरफ मलबा देखकर लोग हैरान तो थे ही। विस्फोट के शिकार लोगों में धर से अलग सर, जख्मी हुए लहूलुहान हाथ पैर, चीखते - चिल्लाते लोग । यह हालत लोगों को बदहवास कर रहा था।

किसी तरह अपनी जान बचाकर घरों से बाहर निकले थे। लेकिन हादसे के कई घंटे बीत जाने के बाद भी उनके मन से तबाही का मंजर नहीं निकल रहा था। रात हुई तो घरों में लौटने की हिम्मत नहीं जुटा सके। जिनके मकान सुरक्षित थे, वे भी चैन से सो नहीं पाए। बार-बार आंखें खुल जातीं और मन में यही डर सताता कि कहीं दोबारा विस्फोट न हो जाए। कई परिवारों ने रातभर जागकर गुजारी। कोई घर के बाहर टहलता रहा तो कोई अपनों को संभालता रहा। ब्लास्ट ने लोगों से सिर्फ उनके घर ही नहीं छीने, बल्कि रातों की नींद और मन का सुकून भी छीन लिया है। विस्फोट स्थल के सामने रहने वाले प्रमोद कुमार के चार मंजिला मकान को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। मकान में प्रमोद गुप्ता के साथ उनके दो भाई जितेंद्र गुप्ता और अमल गुप्ता का परिवार भी रहता है। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बने इस मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और नींव तक हिल गई है।

हादसे के बाद परिवार के सामने सबसे बड़ी चिंता सिर छिपाने की हो गई। मकान की हालत ऐसी नहीं रही कि परिवार सामान्य तरीके से रह सके। ऐसे में पूरी रात होटल से खाना मंगाकर गुजारा करना पड़ा। सुबह का नाश्ता भी बाजार से ही आया। जिस घर में तीन भाइयों के परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी चलती थी, वहां अब रहने और खाने तक का इंतजाम बाहर से करना पड़ रहा है।

पड़ोस में रहने वाली शीला देवी का मकान भी विस्फोट में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वह अपने तीन बेटों, तीन बहुओं और आठ पोते-पोतियों के साथ रहती हैं। घर की दीवार गिरने से परिवार के कई सदस्य चोटिल हो गए। बड़ी बहू संजू कुमारी घायल हो गईं, जबकि दूसरी बहू शिल्पा गुप्ता की पीठ झुलस गई। छोटी बहू अंजली गुप्ता के पैर पर ईंट गिरने से वह टूट गया। हादसे के बाद परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। ऐसे में शीला देवी पूरे परिवार के साथ छोटी बहू अंजली गुप्ता के मायके में जाकर रहने को मजबूर हैं। जिस घर में कभी बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब मलबा और बिखरा सामान बचा है।

तीसरा क्षतिग्रस्त मकान रंजीत कुमार गुप्ता का है। विस्फोट में उनका घर भी रहने लायक नहीं बचा। परिवार को भगवानपुर में रिश्तेदार के यहां शरण लेनी पड़ी है। तीनों परिवारों के घरों में रखा सामान बर्बाद हो चुका है। किचन में रखे अनाज और खाने-पीने की चीजें भी मलबे में दबकर नष्ट हो गईं। घर में चलने वाली किराना दुकान भी इस तबाही की भेंट चढ़ गई। अब इन परिवारों को पर्व-त्योहार मनाने की चिंता नहीं है। उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आने वाले दिनों में खाना कैसे बनेगा और परिवार को लेकर कहां रहेंगे। हादसे के बाद प्रभावित परिवारों की जिंदगी एक झटके में बदल गई है।

जिन घरों में कुछ दिन पहले तक छठ और दीपावली की तैयारियां हो रही थीं, वहां अब टूटे मकानों, बर्बाद सामान और बेघर होने का दर्द है। रातभर आंखों में नींद नहीं थी और सुबह होने के बाद भी मन में डर बना हुआ है। प्रत्यक्ष रूप से तबाही देखने वाले लोगों के लिए इस खौफ से बाहर निकलना आसान नहीं है।

मकानों की मरम्मत और नुकसान की भरपाई तो बाद की बात है, फिलहाल इन परिवारों को सुरक्षित ठिकाने और रोजमर्रा की जिंदगी दोबारा शुरू करने की चिंता सता रही है।

कलियुगी पुत्र ने की माता-पिता की पिटाई

मोतीपुर (आससे)। कथैया थाना क्षेत्र के डोरा छपरा गाँव में कलयुगी पुत्र द्वारा माँ और पिता की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत पिता महेश रजक ने अपने पुत्र मंजय रजक के खिलाफ थाना में शिकायत दिया है। बताया जाता है कि वह कई वर्षों से कोलकाता में मेहनत मजदूरी कर अपनी पत्नी और पुत्री का भरण पोषण करते आ रहा हूँ। तबियत खराब होने के कारण वह घर पर ही रहे है। आरोप है कि उनका लड़का मंजय कुमार उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करता रहता है। थानाध्यक्ष ओमपुकार प्रिय ने बताया कि पीड़ित महेश रजक की लिखित शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही हैं।

ऑटो-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

मोतीपुर (आससे)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कुशाही गांव स्थित जगजीवन चौक के पास मोतीपुर-साहेबगंज पथ पर बाइक और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी की चिकित्सा के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। जख्मी बाइक सवार की पहचान बरूराज थाना क्षेत्र के कुआँही गांव निवासी महेंद्र महतो के 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार एवं दूसरा उसी गांव के रामजी महतो के 17 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में बताई जा रही है। बताया जाता है कि दोनों एक ही बाइक से मोतीपुर बाजार से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच रस्ते में जगदीशपुर कुशाही गांव स्थित जगजीवन चौक के समीप बाइक सामने से आ रही ऑटो में टकरा गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिलने अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

रौतिनिया डंपिंग प्वाइंट पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, निगम अधिकारियों को बनाया बंधक

विधायक के हस्तक्षेप पर डेढ़ घंटे बाद मुक्त हुए अधिकारी

मुजफ्फरपुर। रौतिनिया स्थित कचरा डंपिंग प्वाइंट पर शहर के मरे हुए मवेशियों और अन्य कचरे को फेंके जाने तथा उसका समुचित निष्पादन नहीं होने से फैल रही दुर्गंध को लेकर बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। दोपहर करीब ढाई बजे नगर निगम के उप आयुक्त अमित कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी गौरव नारायण और सहायक अभियंता मुजम्मिल समेत आधा दर्जन अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए और जमकर हंगामा करने लगे।

आक्रोशित ग्रामीणों ने बाहर के गेट को बंद कर अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को एक साथ कार्यालय में बंद कर दिया। इसके बाद नगर निगम और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों की मांग थी कि मौके पर नगर निगम आयुक्त और जिलाधिकारी को बुलाया जाए तथा डंपिंग प्वाइंट की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक ई. अजीत कुमार और मड़वन सीओ पुष्कल कुमार मौके पर पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत की और जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की। करीब डेढ़ घंटे



बाद एक सप्ताह के अंदर बैठक कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने के आश्वासन पर अधिकारियों और कर्मियों को मुक्त कराया गया। विधायक ई. अजीत कुमार ने कहा कि कचरा डंपिंग की समस्या के समाधान के लिए पिछले एक वर्ष से सरकार, नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन के स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा हूं, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिला है। पिछले दो दिनों से दर्जनों राहगीरों ने भी शिकायत की है कि दुर्गंध के कारण इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। उन्होंने इस समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी।

स्थानीय मो. शमीम, सुधीर कुमार सिंह, मनोज सिंह, अंकेश कुमार ओझा, सुधीर चौधरी, मो. रफीक और मो. फूल बाबू समेत दर्जनों ग्रामीणों का आरोप था कि शहर के मरे मवेशियों और कचरे को यहां फेंकने के बाद उसका निष्पादन नहीं किया जाता है। इससे आसपास के गांवों और सड़क से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक ने चेतावनी दी कि 17 नवंबर तक समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं हुई तो 18 नवंबर से ग्रामीणों के साथ रेवा रोड एनएच-722 को अनिश्चितकाल के लिए जाम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांटी और मड़वन को कचरे का ढेर नहीं बनने दिया जाएगा। एमआरएफ एजेंसी सही तरीके से काम क्यों नहीं कर रही है, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। नगर निगम प्रशासन इस मामले में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। इधर, जिलाधिकारी ने दूरभाष पर एक सप्ताह के अंदर कचरे के निष्पादन समेत सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि निर्धारित अवधि में समाधान नहीं होने पर संबंधित एजेंसी का कांट्रैक्ट रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक-2211(अनु0) दिनांक-23.10.2026 द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-10/2026-27, जिसका पी0आर0 संख्या-014349(BCD)2026-27,जो दिनांक-28.10.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, को अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।

(ई0 खुर्शीद अहमद खान)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

PR- 014728 (B C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विधायक ने बाढ़पीड़ित किसानों के साथ की बैठक

साहेबगंज (आससे)। साहेबगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में विधायक डा राजू कुमार सिंह ने प्रखंड के बाढ़ प्रभावित सात पंचायतों के किसानों,



रैयतों के साथ साथ प्रखंड के प्रगतिशील किसानों के साथ बुधवार को बैठक की ।जिसका संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी मीनू कुमारी ने की । मौके पर प्रखंड प्रमुख पति विकेश कुमार सिंह ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रतीक कुमार ,मुखिया पति राम नरेश मालाकार ,प्रखंड आत्मा अध्यक्ष राजेश कुमार भी मंचासीन थे । बैठक में चर्चा उपरांत विधायक डा राजू सिंह ने किसान सलाहकारों एवं समन्वयकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत के दो - दो सौ किसानों का ग्रुप बनाए ।उस ग्रुप के माध्यम से सरकार की सभी किसान हित की योजनाओं की जानकारी ,किसान चौपाल की जानकारी ,किसानों को दिए जाने वाले लाभ की जानकारी बराबर देते रहे । ताकि किसान ,सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सके।

इसके पूर्व बैठक में उपस्थित किसानों ने सिंचाई हेतु नाले की व्यवस्था कराने ,जहां नहर से खेतों तक पानी आसानी से पहुंच सके , बिहार सरकार द्वारा रबी फसल और अन्य फसल के बारे में पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार कराने , बाढ़ प्रभावित पंचायतों में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दिवाली से पहले सभी पात्र किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराने , प्रगतिशील किसानों को चिन्हित कर महीने में एक बार प्रखंड स्तर पर बैठक करवाने , परिमार्जन नहीं होने के कारण या पेंडिंग होने के कारण किसान रजिस्ट्रेशन फॉर्मर आई डी नहीं होने पर खाद और बीज नहीं मिलता, वैसे सभी प्रगतिशील किसानों को बिना आई डी के भी खाद बीज उपलब्ध कराने का निर्देश किसान सलाहकारों को देने की मांग की । मौके पर बच्चा शर्मा ,जितेंद्र भगत मुखिया ,विनोद सिंह मुखिया पति ,चंदन सिंह पैक्स गुलाबपट्टी , मनोज कुमार सिंह जीता छपरा,शशि सिंह पहाड़पुर, प्रशांत कुमार ,लालबाबू सिंह गणेश सिंह ,सत्यनारायण महतो ,हरिशरण सिंह सहित अन्य ने चर्चा में भाग लिया ।

नशे में धुत्त छोटे भाई ने बड़े पर किया जानलेवा हमला

सरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के बसंतपुर उत्तरी पंचायत के बस्ती सलोनी गांव में बुधवार की देर शाम नशे में धुत्त छोटे भाई ने बड़े भाई पर आपसी रंजिश में तेज धार वाले हथियार से गर्दन पर हमला कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया है।घायल के इलाज स्थानीय एक निजी नर्सिंग होम में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बस्ती सलोनी गांव निवासी सुरेंद्र पासवान अपने घर पर गृह कार्य कर रहा था। इसी बीच छोटे भाई जितेंद्र पासवान नशे में धुत्त होकर पूर्व के रंजिश को लेकर उत्तेजित होकर झंझट करने लगा। इसी बीच जितेंद्र हाथ में चारा काटने वाला गंडासा लेकर बड़े भाई के गर्दन पर हत्या की नीयत से वार कर दिया ।जिसमें सुरेंद्र का गर्दन कट गया है ।हमला करने के बाद जितेंद्र गंडासा लेकर मौके से फरार हो गया ।स्थानीय ग्रामीणों ने लहूलुहान स्थिति में सुरेन्द्र को स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज हेतु ले गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मेडिकल रेफर कर दिया है ।इधर घटना की सूचना के बाद घटना स्थल पर सरैया पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है।

समृद्धि फाइनेंस कंपनी के नाम पर महिलाओं से लोन पास करवाने के बहाने लाखों की ठगी का आरोप

सरैया (आससे)। पारू थाना क्षेत्र के कमलपुरा चौक स्थित समृद्धि फाइनेंस कंपनी के नाम पर सौ से अधिक महिलाओं से लोन पास करवाए जाने के नाम पर लाखों रुपये ठगी कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में आधे दर्जन महिलाओं ने थाने लिखित आवेदन देकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है,आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पप्पू कुमार सिंह एवं गरीबन सिंह के मकान में समृद्धि फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड का आफिस संचालित किया जा रहा था,इसी दौरान करीब सौ से अधिक महिलाओं से लोन देने के नाम पर प्रति महिलाओं से पांच पांच हजार रुपये जमा करवाए गए। और लोन देने के नाम पर टहलाया जाने लगा ,आवेदन में संबंधित लोगों के नाम और एक मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर भी दर्ज किया गया है,पीड़ित महिला आशा देवी,गीता देवी सुनैना देवी संजू देवी लाखों देवी समेत अन्य पीड़ित महिलाओं ने बताया कि लोन देने का झांसा देकर समृद्धि फाइनेंस कंपनी के लोगों ने हम सौ से अधिक महिलाओं से पांच पांच हजार रुपये जमा करवा लिया गया,जब हम सभी लोन देने का दबाव बनाना शुरू किया तो फाइनेंस कर्मियों ने आज कल का बहाना बनाने लगे,इधर पांच दिनों से आफिस में ताला लगा हुआ है, मंगलवार को जब पता चला कि आफिस बंद कर सभी फरार हो चुके हैं तब हम सभी आकर आफिस के सामने ठगी के खिलाफ विरोध करने लगे,तब पुलिस आकर न्याय दिलाने का आश्वासन देकर मामला को शांत करायी है।

बिहार सरकार

समाहरणालय, सहरसा
(जिला योजना कार्यालय)

ई-मेल-dpo.saharsa-bih@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा (राज्यसभा) द्वारा सहरसा के **सौरबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी के समदा के वार्ड नं0 12 में माँ दुर्गा मंदिर के निकट हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन कार्य का अनुशंसा प्राप्त हुआ है।** प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 16 मीटर उँचाई का विद्युत संचालित हाईमास्ट LED लाईट/(200Watt x 10 arms) का हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित ख्याति प्राप्त फर्मो/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद लिफाफा में अलग-अलग निविदा दिनांक **02.12.2026** को **01:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को अध्यक्ष जिला क्रय समिति -सह- उप विकास आयुक्त, सहरसा के समक्ष उनके कार्यालय वेश्म में दिनांक **02.12.2026** को **04:00 बजे अपराह्न** में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। क्रय की जानेवाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, सहरसा से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है, अथवा जिला के बेबसाईट www.saharsa.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR- 014779 (Planning) 2026-27

उप विकास आयुक्त,
सहरसा।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-62 वर्ष 2026-27

निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्राकृति के कार्यो का पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता/अधिकृत एजेंसी/संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक-07.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेंगे। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

क्र0म0सं0	कार्य का नाम
1.	SITC of UPS for Central Hall Extension Building, Bihar Vidhan Sabha & Bihar Vidhan Parishad at Vidhan Mandal Patna.

PR- 014810 (B C D) 2026-27

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

आरडीएस कॉलेज में दीपावली महोत्सव का आयोजन

मुजफ्फरपुर। रामदयालु सिंह महाविद्यालय में सांस्कृतिक इकाई विरासत के द्वारा बुधवार को दिवाली फेस्ट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्राचार्य ने किया। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। अभिषेक, शिवानी, स्वर्णिका, सलोनी की टीम ने सुंदर रंगोलियां बनाई, आर्ट कॉर्नर में यश और पुष्कर ने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। प्रतीक , स्पर्श, राजवीर, स्नेहा, पुरुषोत्तम ,अनुष्का, शताक्षी, अनिशा, शाहीन सबा, कौशल कुमार आदि की टीम ने फूड स्टॉल लगाया। पीयूष राज, श्रवणी, पायल और प्रिंस की टीम ने गेमिंग जोन में रोचक गेम्स खिलाए। प्राचार्य ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होता है और उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ आरती कुमारी ने बताया कि फेस्ट में आठ फूड स्टॉल लगे थे जिनमें भारतीय व्यंजन की धूम रही। दही



बड़े और काला जामुन का लोगों ने भरपूर स्वाद लिया तो गोलगप्पे के स्टाल पर बच्चों की भीड़ सबसे ज्यादा रही। वहीं लिट्टी चोखे और अंकुरित मूंग चने से बने झालमुड़ी का स्वाद सभी को बहुत पसंद आया। आंवले का मुरब्बा, मोमोज, चाट, चाय और कोल्ड ड्रिंक का सबने भरपूर आनंद लिया। गेमिंग जोन में ट्रूथ डेयर, हिट द कप्स, शो योर टैलेंट आदि कई मनोरंजक गेम्स फेस्ट में आकर्षण के केंद्र रहे।

मीडिया और डेकोरेशन का कार्य छात्र स्पर्श, पुष्कर, वैभव एवं आर्यन अवस्थी ने किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक रमेश गुप्ता, एम एन रिजवी, रजनीकांत पांडे, पंकज तिवारी, आलोक त्रिपाठी, आयशा जमाल, अनुराधा पाठक , राजेश, डेजी, भगवान, अमर ज्योति सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। ऐसे आयोजन महाविद्यालय में उत्साह, उमंग और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं।

अंचलकर्मी की मौत पर शोक

साहेबगंज (आससे)। साहेबगंज अंचल कार्यालय में वर्षों से कार्यरत परिचारी मनोज कुमार 52 साल की मृत्यु बुधवार को अहले सुबह रजवाड़ा गांव में शौचालय में हार्ड अटैक आने से हो गई । उसकी आकस्मिक मृत्यु का समाचार मिलने ही प्रखंड -अंचल कर्मियों में शोक की लहर दौर गई । विधायक डा राजू कुमार सिंह ने अंचल कर्मी मनोज कुमार राम के रजवाड़ा आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया । वही बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन कर पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त की ।

किशोरी के अपहरण मामले में नामजद पकड़ाया

साहेबगंज (आससे)। प्रखंड के एक गांव की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को साहेबगंज बाजार के नीम चौक के समीप से अपहरण मामले में साहेबगंज पुलिस ने माधोपुर हजारी गांव के मुख्य नामजद अभियुक्त राकेश कुमार की मां सह नामजद अभियुक्त फूलमती देवी को गिरफ्तार किया और बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । विगत सोमवार को दोपहर एक बजे दिन में घटी इस घटना में अपहृत लड़की के पिता ने साहेबगंज थाना में माधोपुर हजारी गांव के राकेश कुमार सहित 6 लोगों के विरुद्ध पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए ।साहेबगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था ।

गैस गोदाम लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

साहेबगंज (आससे)। प्रखंड के अहियापुर गांव स्थित भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के गोदाम सह कार्यालय में विगत 15 अक्टूबर को हुए लुट कांड मामले में साहेबगंज पुलिस ने पूर्वी चम्पारण के सोनरापुर गांव निवासी सुबोध सहनी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक बाइक ,एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है ।इस मामले में अपर थानाध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि इस लुट कांड में तीन अभियुक्तों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है ।इस प्रकार चार अभियुक्त की गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है ।

बिहार सीनियर शतरंज के नये बादशाह बने पटना के तबसीर आलम

बेगूसराय के किशन दूसरे और मेजबान मुजफ्फरपुर के प्रणीत तीसरे स्थान पर खिसके

मुजफ्फरपुर । जिला शतरंज संघ और ऑल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वाधान में एक विवाह भवन के सभागार में चल रहे पांच दिवसीय बिहार राज्य सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में पटना के तबसीर आलम ने 64 खानों की बिसात पर सर्वाधिक आठ अंक हासिल कर अपनी बादशाहत साबित की । दूसरे स्थान पर बेगूसराय के किशन कुमार रहे जिन्होंने 7-



5 अंक जुटाए। जबकि मेजबान जिले के प्रणीत सिंह 7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सभी वजेता खिलाड़ियों को आज के पारितोषिक वितरण समारोह में आये मुख्य अतिथि पूर्व बिहार सरकार मंत्री माननीय सुरेश शर्मा और मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष अमिताभ चंद्रा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया । मंच का संचालन सचिव हिमांशु कुमार ने किया वही मौके पे जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अंतिम चक्र में प्रथम बोर्ड पे सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रणीत सिन्हा ने इंग्लिश ओपनिंग से शुरुआत की जिसके जवाब में तबशीर आलम ने संयम दिखाते हुए इस मुकाबले को ड्रॉ पर रोककर चैंपियनशिप अपने नाम सुनिश्चित किया । तबशीर आलम 8अंक(पटना), किशन कुमार 7.5अंक (बेगूसराय), प्रनीत सिन्हा 7 अंक(मुजफ्फरपुर), भूपनाथ 7 अंक (दरभंगा), रूपेश बी रामचंद्रा 7 अंक(पटना),विजय कुमार 7अंक (पटना), विपुल सुभाषी 6.5अंक (पटना),विवेक शर्मा 6.5 अंक (पटना), सुधीर कुमार सिन्हा 6.5अंक (पटना), देवांश केशरी 6.5अंक (पटना), इसमें से शीर्ष 4 खिलाड़ी आगामी 25 नवंबर को बनारस में राष्टीय शतरंज प्रतियोगिता में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बाँका
(जिला योजना कार्यालय)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0-10/2026-27

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री जयन्त राज, माननीय स0वि0स0 अमरपुर द्वारा 18वी विधान सभा अन्तर्गत अपने विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुमान्यता राशि के आलोक में बांका जिला के प्रखण्ड अमरपुर के कुल बारह(12) विद्यालयों में प्रति विद्यालय दस बुकशेल्फ (अलमारी) का क्रय व अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा अनुसंशित कुल-12(बारह) विद्यालयों में से कुल 11(ग्यारह) विद्यालयों का सरकारी विद्यालय होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। उक्त के आलोक में बुकशेल्फ(अलमारी) की क्रय एवं अधिश्ठापन हेतु अनुशंसा पत्र के साथ संलग्न सामग्रियों की सूची (विशिश्टियों के अनुरुप) के अनुसार निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं/विक्रेताओं/फर्मो से द्वि-लिफाफा प्रणाली अन्तर्गत मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड एवं दुसरा लिफाफा वित्तीय बिड का होगा। लिफाफों पर तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड लिखना अनिवार्य होगा। दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखा जायेगा। सभी लिफाफों पर निविदादाताओं को अपने प्रतिष्ठान का नाम अंकित करना होगा। लिफाफा बिल्कुल सीलबन्द होना अनिवार्य है।

निविदा को **दिनांक- 19.11.2026 के 01 बजे अपर्राह्न** तक जिला योजना कार्यालय, बाँका में जमा किया जाना है। प्राप्त **निविदा को उक्त तिथि को 03:30 बजे अपर्राह्न** में उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष जिला क्रय समिति, बाँका के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्तें बाँका जिले के वेबसाईट https://banka.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना कार्यालय, बाँका से सम्पर्क किया जा सकता है।

➢ **माननीय स0वि0स0 से प्राप्त अनुशंसा के अनुरूप क्रय एवं अधिष्ठापन की जानेवाली बुकशेल्फ (अलमारी) की विस्तृत विवरणी संलग्न है।**

➢ **निविदादाता निविदा शर्तो के क्रमानुसार दस्तावेज संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।**

PR- 014780 (PLANNING) 2026-27

उप विकास आयुक्त,
बाँका।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।